एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

या विक्रम संवत 2083 | बरेली | गुरुवार, 2 जुलाई 2026,

PAGE NO. 06, BOTTOM

# एसआरएमएस में वर्षगांठ पर युवा स्वास्थ्य मेला शुरू



मेले का उद्घाटन करते चेयरमैन देव मूर्ति। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 24 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में बुधवार को चार दिवसीय युवा स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन किया गया।

चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि हमारी सोच समाज के हर वर्ग को स्वस्थ रखना है। इसी के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए मेडिकल कॉलेज में वेलनेस सेंटर 'अस्तित्व' आरंभ किया गया है। ये ओपीडी सोमवार से शनिवार तक सुबह 9 से शाम 4 बजे तक संचालित की जाएगी। उन्होंने कैंसर मरीजों के लिए भी 15 फीसद की विशेष छूट की घोषणा की। डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहा कि स्वास्थ्य मेले में युवाओं की बीपी, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, ईसीजी, स्पाइरोमेट्री, फाइब्रोस्कैन, लिपिड प्रोफाइल, डीएसएच (थायराइड), एचबीएवनसी, केएफटी (किडनी टेस्ट), पैप स्मीयर, बीएमडी जैसी जांचें निशुल्क की जा रही हैं। कई जांचों पर 50 फीसद की छूट प्रदान की जा रही है। पहले दिन एक हजार से ज्यादा लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। प्रिंसिपल डा.एमएस बुटोला, वाइस प्रिंसिपल डा.रोहित शर्मा, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.आरपी सिंह, डिप्टी एमएस डा.सीएम चतुर्वेदी, डा.बिंदु गर्ग समेत सभी विभागाध्यक्ष और स्टाफ मौजूद रहा।